तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 पिथौरा रेस्ट हाउस में किसान कांग्रेस की हुई ...


12 खुशी हो या गम प्रकृति संवारे हम


**खबर संक्षेप**

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** नगर के मोतीबाग के सामने ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि जसपाल शर्मा और अपने पुत्र दीपक शर्मा के साथ करीब 12 बजे रेलवे स्टेशन रोड की ओर से पैदल घर जा रहे थे, तभी मोतीबाग के सामने पीछे से ट्रक क्र सीजी 06 जीसी 1061 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये जसपाल शर्मा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके पैरों में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम भिथीडीह में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भिथीडीह निवासी धनसाय यादव पिता समारू यादव अपने घर के आंगन में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा था मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# गौरवपथ निर्माण में 4 माह में ठेकेदार पर 7 लाख का पानी चोरी का आरोप

**4 माह में बिना रसीद कटाए रोज कई टैंकर पानी लेने पर उभरे विरोध के स्वर, वसूली की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के बीटीआई रोड में निर्माणाधीन गौरव पथ के ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के बोर से पानी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस बात की जानकारी मिलते ही पालिका के विपक्षी दल ने मोर्चा खोलते हुए इसकी तस्दीक की तो पता चला उक्त सड़क और नाली निर्माण के ठेकेदार द्वारा बड़े टैंकरों से रोज पानी बिना कोई राशि नगर पालिका में जमा किए पानी की चोरी की जा रही है।

जानकारी पर भलेसर रोड स्थित राजामठ गेट के पास स्थित बोर का निरीक्षण करते पर बोर का निरीक्षण करने पार्षद पीयूष साहू के साथ भाजपा जन और पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी भी पहुंचे थे। राठी ने बताया कि लगभग 1500 लीटर के टैंकर में ट्रक से पानी बिना किसी के जानकारी के टैंकर ड्राइवर ले जा रहा है। टैंकर में बेमेतरा लिखा हुआ है, रसीद के बारे में पूछे जाने पर टैंकर चालक द्वारा रसीद नहीं कटाने की स्वीकार की गई।

साथ ही पिछले 4 माह से हो रही चोरी पर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि लोगों को शादी ब्याह और शोक कार्यक्रमों के लिए रुपए जमा कर टैंकर मंगवाना पड़ता है। यहां बेमेतरा के कांग्रेसी ठेकेदार के रसूख के चलते पालिका प्रशासन चोरी पर आंख मूंदे बैठा है। राठी ने इस घटना को गंभीरता से लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले में नपा के जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर द्वारा जानकारी दी गई है कि ठेकेदार द्वारा कोई रसीद नहीं कटाई जा रही है।

**4 माह में ठेकेदार ने की 7 लाख की चोरी**

एक बड़े टैंकर के पानी की कीमत लगभग 1500 रुपए होनी चाहिए। प्रतिदिन चार टैंकर के औसत से 6000 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 4 माह में लगभग 7 लाख रुपए पालिका को राशि का नुकसान उठाना पड़ा है।




**ठेकेदार को नोटिस और वसूली किए जाने की मांग**

नपा उपाध्यक्ष राठी ने कहा है कि दिनदहाड़े बेमेतरा का यह ठेकेदार पानी की चोरी कर रहा है। यह खेल जब से निर्माण कार्य प्रारंभ होने के साथ शुरु हुआ है। ठेकेदार को चाहिए कि पानी की पहले रसीद कटाए। अब तक लाखों लीटर पानी ले जा चुके है। इस नुकसान की भरपाई के लिए सीएमओ तत्काल नोटिस जारी करें तथा नपा अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करें।

# 5वीं, 8वीं के प्रश्न पत्र 5 बसों से पहुंचे 16 थानों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आगामी 16 मार्च से आयोजित होने वाली कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से जिले के 16 थाना क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को समन्वय सेंटर हाईस्कूल से 5 बसों के माध्यम से रवाना हुए। प्रश्नपत्रों का वितरण महासमुंद स्थित हाईस्कूल परिसर से किया गया, जहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 5 बसों के माध्यम से प्रश्नपत्रों को विभिन्न केंद्रों तक रवाना किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 5वीं की परीक्षा के लिए जिले में कुल 1,485 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 18,191 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं कक्षा 8वीं की परीक्षा के लिए 644 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 18,237 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इस प्रकार जिले में 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 36,428 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सुचारु और नकलमुक्त कराने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।




**थाने में परीक्षा तक सुरक्षित रहेंगे प्रश्न पत्र**

प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन की निगरानी में उन्हें संबंधित थाना क्षेत्रों में रखा गया है, जहां से परीक्षा दिवस पर केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

**सभी केंद्रों को आवश्यक दिशा निर्देश जारीः सिंहा**

शिक्षा विभाग के सहायक संचालक एवं परीक्षा प्रभारी नंदकिशोर सिंहा ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# जुआ फड़ पर रेड, 5 जुआरी पकड़े गए, 1.51 लाख रुपए नगद और सामान बरामद

- घर में चल रहा था जुआ, पुलिस ने बताया रास्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मौहारी भाठा क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस ने जुआरियों पर कार्रवाई करते हुए धरपकड़ की कार्रवाई की है। मौहारीभाठा क्षेत्र में दी गई उक्त दबिश में 5 जुआरी पकड़े गए हैं। इनके पास से नकदी और मोटरसाइकिल सहित कुल 1,51,950 रुपए का सामान जब्त किया गया है।



पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि मौहारीभाठा स्थित कमल चंद्राकर के घर के पास आम रास्ते पर कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं।

इस सूचना पर थाना महासमुंद और साइबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेड मारी। पुलिस ने मौके से सामान बरामद किया है जिसमें नकदी 61,950 रुपए, 2 नग मोटरसाइकिल कीमत लगभग 90,000 रुपए, 52 पत्ती ताश, कुल जब्ती 1,51,950 रुपए को जब्त किया गया है।

**5 लोग गिरफ्तार**

पकड़े गए आरोपियों में स्थानीय और ग्रामीण क्षेत्रों के व्यक्ति शामिल हैं जिसमें हेमंत निषाद (32 वर्ष), निवासी लाफिनखुर्द, सोहन साहू (44 वर्ष), निवासी ग्राम शेर, रोशन लाल साहू (44 वर्ष) निवासी नयापारा, राजेश चंद्राकर (48 वर्ष) निवासी मौहारीभांठा, कमल चंद्राकर (46 वर्ष) निवासी मौहारीभांठा, महासमुंद शामिल हैं।

**कार्रवाई में हेराफेरी की आशंका**

स्थानीय पुलिस द्वारा जुआ आम रास्ते में खेला जाना बताया जा रहा था। जबकि तस्वीर कमल चंद्राकर के घर की है। मामले में आसपास के लोगों का कहना है कि जुआरियों को बकायदा जुआ खेलने के लिए जगह मुहैय्या कराई गई थी लेकिन, सांठगांठ के चलते बाद में इसे रास्ते पर खेलते हुए पकड़ा जाना बताया गया है।

**धारा 3(2) के तहत कार्रवाई**

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना महासमुंद में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। इसके अलावा, क्षेत्र में ऐसी अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की है। इस पूरी कार्रवाई में थाना महासमुंद पुलिस और साइबर थाना स्टाफ की भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### अमिताभ बनर्जी नए क्षेत्रीय संचालक, हटाए गए डॉ.तपेश



**रायपुर।** विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी उच्च शिक्षा विभाग के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के नए अपर संचालक होंगे। उन्हें उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ यहां का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ.बनर्जी जारी आदेश के अनुसार डॉ.तपेशचंद्र गुप्ता की जगह लेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए गुरुवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया। वहीं छग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.तपेशचंद्र गुप्ता का तबादला उनके महाविद्यालय से भी कर दिया गया है। उन्हें नवीन महाविद्यालय अमलीडीह में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा उन्हें उच्च शिक्षा संचालनालय में अपर संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### डाक अदालत 18 को

**रायपुर।** कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 18 मार्च को शाम 4 बजे 'डाक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। यह अदालत रायपुर जीपीओ बिल्डिंग, जय स्तंभ चौक में आयोजित होगी, जिसमें डाक वितरण, बचत बैंक, मनीआर्डर और बीमा जैसी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा, जिसके लिए 16 मार्च की दोपहर 2 बजे तक शिकायतें दी जा सकती है। इसके बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### बिजली बिल और सरचार्ज में छूट का स्वागत, सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने बिजली बिल और अधिभार में छूट घोषित योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया गया है। इस मौके पर समिति के समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा है कि सरचार्ज में सौ प्रतिशत छूट व मूल बिल में 75 प्रतिशत की छूट एकल बत्ती कनेक्शनधारियों व किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। योजना में मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराकर पंजीयन कराया जा सकता है। शेष राशि किस्तों में जमा करनी है, योजना 30 जून तक लागू है।

# पिछले दो साल में जहां नहीं हुआ बाल विवाह, वे ग्राम पंचायत-नगरीय निकाय होंगे बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले में जिस ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में पिछले दो वर्ष में एक भी बाल विवाह नहीं हुआ है, उन्हें अब बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों से प्रस्ताव भी मंगाए गए हैं। इसके तहत जिले से अभी तक 283 ग्राम पंचायतों एवं 5 नगरीय निकायों ने प्रस्ताव भी भेज दिए हैं। इन प्रस्तावों के आधार पर प्रशासन ने सूची जारी करते हुए 20 मार्च तक दावा-आपत्ति मंगायी है। निर्धारित समय में आपत्ति नहीं आने पर प्रस्ताव भेजने वाले सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को अधिकृत रूप से बाल विवाह मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शासन ने 9 सितंबर 2025 को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके अनुसार ऐसी ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय जहां पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है। इसके तहत जिले की 408 ग्राम पंचायतों में से 283 ग्राम पंचायतों ने स्वयं को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने के लिए अनुशंसा भेजी है, वहीं जिले के 12 नगरीय निकायों में से 5 नगरीय निकायों ने भी बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा है।

## बाल विवाह मुक्त घोषित करने 283 ग्राम पंचायतों एवं 5 नगरीय निकायों ने भेजा प्रस्ताव

### सूची चस्पा की गई

प्रशासन को भेजे गए प्रस्तावों के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत संबंधित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की सूची कलेक्टोरेट कार्यालय रायपुर सहित कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय आरंग, अभनपुर, धरसींवां-1, धरसींवां-2, रायपुर शहरी-1, रायपुर शहरी-2, तिल्दा और मंदिर हसौद में चस्पा की गई हैं।



### आपत्ति आने पर होगी जांच

अधिकारियों के अनुसार बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की सूची को सार्वजनिक करते हुए प्रशासन ने दावा-आपत्ति मंगाई है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय में पिछले दो वर्ष में एक भी बाल विवाह होने का मामला प्रशासन के संज्ञान में लाएगा, तो उसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद ही संबंधित ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त करने संबंधित निर्णय लिया जाएगा।

### नगरीय निकाय की सूची में इनके नाम शामिल

जिले के 12 नगरीय निकाय निकाय में प्रस्ताव भेजने वाले नगरीय निकाय में रायपुर नगर निगम, बिरगांव नगर निगम, कुंरा, अभनपुर एवं आरंग शामिल है।बताया जा रहा है कि बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में धरसींवा क्षेत्र का कुछ हिस्सा भी शामिल है।

# कोसमर्रा विद्यालय में विद्यार्थियों ने जाना-सूर्य और चंद्र ग्रहण क्यों होता है?

## डे टाइम एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम में बच्चों को सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी बनाकर समझाई खगोलीय पिंडों की गतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोमाखान

शासकीय उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय कोसमर्रा में विद्यार्थियों के लिए विज्ञान को रोचक और समझने योग्य बनाने हेतु 'डे टाइम एस्ट्रोनॉमी' की एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम तथा प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने बच्चों को सूर्य और उसके परिवार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और मनोरंजक तरीके से समझाईं।



गतिविधि के दौरान गीतों और रोल प्ले के माध्यम से बच्चों को दिन-रात कैसे होते हैं, चंद्रमा का अपनी धुरी पर घूमना और पृथ्वी के चारों ओर घूमना, अमावस्या से पूर्णिमा तक चंद्रमा का घटता बढ़ता रूप अर्थात चंद्र कलाएं, सूर्य और चंद्र ग्रहण कैसे होते हैं, कब होते हैं क्यों होते हैं, हर पूर्णिमा और अमावस्या पर क्यों नहीं होते हैं? यह बच्चों को सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी बनाकर और किस तरह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं? यह बताया गया। इसके साथ ही सूर्य परिवार के विभिन्न ग्रहों की दूरी और उनकी विशेषताओं, इनर प्लेनेट्स बुध और शुक्र की कलाएं और आउटर प्लेनेट्स मंगल, बृहस्पति और शनि की वक्र गति को भी बच्चों ने गतिविधि के माध्यम से समझा। कार्यक्रम में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए "इतने बड़े आकाश में, इतना रंग क्यों भर दिया" गीत के साथ प्रश्नों के उत्तर देते नजर आए। इस तरह के रचनात्मक प्रयोगों से बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रुचि बढ़ाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। विज्ञान आश्रम कसेकेरा के सौजन्य से हुए इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक संजय गुप्ता, प्रधान पाठक पवन कुंजाम, शिक्षक मुरली प्रसाद यादव, विजय कुमार जगत तथा दामनी हरपाल सहित अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक तरीके से विज्ञान को समझने के लिए प्रेरित करना था, जिससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जिज्ञासा का विकास हो सके।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महासमुंद

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त को प्रधानमंत्री द्वारा असम की राजधानी गुवाहाटी से जारी की गई। जिसमें भारत वर्ष में 9.32 करोड़ से अधिक लाभार्थी कृषकों को 18640 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का हस्तांतरण किया गया।

महासमुंद जिले के 126342 कृषकों के खाते में 25.68 करोड़. की राशि हस्तांतरण हुई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विकास किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, महासमुंद एवं कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर, महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर, महासमुंद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद हुलसी चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत शेर हरेंद्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत मोरधा चंपेश्वरी साहू एवं अन्य अतिथि उपस्थित हुए। साथ ही कलेक्टर विनय लंगेह, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, सहायक संचालक कृषि परमजीत कंवर, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आरएल शर्मा, वैज्ञानिक डॉ.साकेत दुबे, डॉ.कुणाल चंद्राकर, डॉ. मुकेश पांडेय, डॉ.समरथ बघेल, डॉ.शिल्पा लकरा, डा. पुनिथा कार्तिकेयन, प्रोग्राम सहायक (कंप्यूटर), कमलकांत लोधी, प्रक्षेत्र प्रबंधक एवं आस-पास ग्राम के महिला एवं पुरूष कृषकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम अंतर्गत सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके उपरांत पपीते की उन्नत खेती, मृदा स्वास्थ्य हेतु केंचुवा खाद उत्पादन तकनीक, उन्नत सस्य तकनीक, मशरुम उत्पादन तकनीक, कृषि जैव विविधता एवं सरंक्षण, रबी फसलों में पौध नियंत्रण, स्वायल हेल्थ कार्ड, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक खाद प्रबंधन, दलहन तिलहन एवं लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने एवं अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले के सभी विकासखण्डों में भी पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पात्र कृषको को लाभांवित किया जा रहा है। इस योजनांतर्गत समस्त कृषक परिवार को प्रत्येक चार माह में 2000 एवं वर्ष में 6000 रुपए कृषि आदान सामग्री बीज, खाद एवं दवाई हेतु प्रोत्साहन राशि सीधे किसान के खाते में हस्तांतरण किया जाता है।

# 18 को लगेगी डाक अदालत, डाक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का होगा समाधान

**पिथौरा (ग्रामीण)।** डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के समाधान के लिए 18 मार्च को परिमंडल स्तर पर डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर द्वारा दी गई है।

जारी सूचना के अनुसार, बुधवार 18 मार्च 2026 को शाम 4 बजे डाक अदालत आयोजित की जाएगी, जिसमें डाक विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राहकों की समस्याओं पर प्रत्यक्ष अथवा वर्चुअल चर्चा कर उनका समाधान किया जाएगा। डाक अदालत में डाक वस्तुओं के वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं (आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र), रजिस्ट्री, वीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीऑर्डर, डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। डाक विभाग ने ग्राहकों से अपील की है कि यदि उन्हें डाक सेवाओं से संबंधित कोई शिकायत हो तो वे अपना प्रकरण पूर्ण विवरण के साथ 16 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर में प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त शिकायतों को इस डाक अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा। डाक अदालत का आयोजन कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमंडल, रायपुर के जीपीओ बिल्डिंग द्वितीय तल, जय स्तंभ चौक स्थित कार्यालय में किया जाएगा।

# सरकारी विभाग में गाड़ी अटैच करने का झांसा देकर 15 से ज्यादा लोगों की कार गायब की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

सरकारी विभाग में गाड़ी अटैच कर हर माह 25 से 30 हजार रुपए किराया भाड़ा मिलने का झांसा देकर एक व्यक्ति द्वारा 15 से ज्यादा लोगों के साथ अमानत में खयानत करने का मामला सामने आया है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़त गुरुवार को पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने पीड़ितों को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



प्रकाश गायकवाड़, सुनील, सुशील कुमार साहू सहित अन्य पीड़ित प्रेम कुमार साहू के खिलाफ पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत करने सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे। पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर को बताया है कि प्रेम कुमार ने उनसे जान पहचान बढ़ाने के बाद उनकी अलग-अलग मॉडल के कार को मंत्रालय सहित अन्य सरकारी विभाग में लगाने का झांसा दिया। साथ ही कार मालिकों को प्रेम कुमार ने हर महीने 25 से 30 हजार रुपए किराया देने का झांसा दिया। झांसा में लेने के बाद प्रेम कुमार कार मालिकों के साथ एग्रीमेंट कर कार के सारे दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर समय सीमा समाप्त होने के बाद कार नहीं लौटाई।

**फर्जीवाड़ा कर कार बेचने की आशंका :** आशंका जताई जा रही है कि कार किराए पर लेने के बाद प्रेम कुमार ने कार मालिकों से कार से संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लिया है। प्रेम कुमार उन दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर कार राज्य के बाहर अन्य लोगों को बेच सकता है। प्रेम कुमार के पकड़े जाने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

### अलग-अलग लोगों के नाम से किया एग्रीमेंट

पीड़ितों ने पुलिस को बताया है कि प्रेम कुमार ने कार किराए पर लेने अलग-अलग लोगों के नाम से एग्रीमेंट किया है। जिन लोगों से प्रेम ने कार किराए पर लिया था। उन लोगों को शुरुआत के दो तीन महीने रेंट देने के बाद किराया देना बंद कर दिया। कार मालिक ने प्रेम से संपर्क करने की कोशिश की। कार मालिकों के अनुसार प्रेम अपना मोबाइल बंद कर गायब हो गया है।

# आदर्श विवाह कर वरुण ने युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महासमुंद

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज सिरपुर परिक्षेत्र द्वारा कार्यालय स्थित देवालय में आदर्श विवाह का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम बूढ़ादेव की पूजा आरती गोंगो अध्यक्ष गौतम मरई, कौड़िया 02 उपाध्यक्ष पवन ध्रुव के आतिथ्य में की गई। पश्चात नव दंपतियों का विवाह सामाजिक नेग दस्तूर, रीति रिवाज के साथ भुमका दोषीन दुवारा किया गया। वर्तमान में आज के समय में लोग अंधाधुंध पाश्चात्य सभ्यता संस्कृति का का अनुकरण करते हुए फिजूलखर्ची में शादी विवाह में बहुत सारा धन अनावश्यक रूप खर्च कर लेते है। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है व धीरे धीरे परिवार कर्ज के तले दबकर अपना विकास नहीं कर पाते है। आदर्श विवाह कम खर्च में सादगीपूर्ण ढंग से आदर्श वैवाहिक संबंधों को बढ़ावा देता है। यह समाज के सभी वर्गों को प्रेरणा देता है। ग्राम बासकुढा के युवक वरुण ध्रुव की इस पहल की लोग बहुत प्रशंसा की।



इस आयोजन में सामाजिक पदाधिकारी किसलाल ध्रुव, सुशील नेताम, जयलाल नेताम, बाबूलाल ध्रुव, गोपी ध्रुव, दानवीर ध्रुव, वीरेंद्र नेताम रूपसिंह, हीराराम, मनीराम शिवकुमार मरकाम, गिरवर ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में छात्रा का बीड़ी पीते वीडियो वायरल, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महासमुंद

जिले के सरायपाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक सरकारी स्कूल की छात्रा का क्लासरूम के भीतर बीड़ी पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक छात्रा स्कूल ड्रेस में अपनी कक्षा के भीतर बैठकर बीड़ी पी रही है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो उसी स्कूल के किसी अन्य विद्यार्थी ने बनाया है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। लोग इस बात को लेकर हैरान हैं कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह की अनुशासनहीनता कैसे संभव हुई। इस घटना के बाद स्कूल की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं कि जब छात्रा कक्षा के अंदर बीड़ी पी रही थी, तब



संबंधित शिक्षक कहां थे? क्या स्कूल के शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की गतिविधियों की जानकारी नहीं रहती? कक्षा के भीतर मोबाइल फोन का उपयोग कैसे हुआ और वीडियो किसने बनाया? छात्रों के पास बीड़ी और माचिस जैसे प्रतिबंधित सामान स्कूल के अंदर कैसे पहुंचे? इन सवालों ने स्कूल अनुशासन की की चरमराई स्थिति को प्रदर्शित किया है। अभिभावकों का कहना है कि यदि क्लासरूम में शिक्षक मौजूद होते, तो ऐसी स्थिति पैदा ही नहीं होती।

### शिक्षा विभाग की प्रतिक्रिया

मामले की गंभीरता को देखते हुए सरायपाली के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही इसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पटेल के अनुसार, यह पता लगाया जा रहा है कि यह घटना किस दिन की है और उस समय किस शिक्षक की ड्यूटी उस कक्षा में थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी शिक्षक या कर्मचारी इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## समान काम-समान वेतन का मार्ग प्रशस्त, पुलिस के समकक्ष होगा वेतन

# नगर सैनिकों को सुप्रीम फैसले से मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महासमुंद

- सुप्रीम कोर्ट ने तीन माह के भीतर आदेश लागू करने दिए निर्देश भी

नगर सैनिकों को भी अब पुलिस कर्मचारियों की तरह समकक्ष वेतन और सुविधाएं मिलेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी माह में नगर सैनिकों के लिए हाईकोर्ट द्वारा फरवरी 2022 में लिए गए समान काम समान वेतनमान के इस निर्णय को यथावत रखने का फैसला देते हुए तीन माह के भीतर इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से जिले के लगभग 280 से 300 नगर सैनिकों को इसका सीधा लाभ मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में करीब 290 नगर सैनिक विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से लगभग 180 नगर सैनिक पुलिस विभाग में कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण और वीआईपी ड्यूटी में तैनात हैं, जबकि शेष 100 से अधिक नगर सैनिक होमगार्ड, आपदा प्रबंधन, चुनाव ड्यूटी और अन्य प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करते हैं। लंबे समय से ये जवान नियमित पुलिसकर्मियों के समान काम करने के बावजूद वेतन और सुविधाओं में असमानता का मुद्दा उठा रहे थे। वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय ने नगर सैनिकों के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें समान कार्य के आधार पर समान वेतन देने की बात कही थी, लेकिन राज्य सरकार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।



सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि तीन माह के भीतर आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए। इससे प्रदेशभर के साथ-साथ महासमुंद जिले के नगर सैनिकों में भी खुशी की लहर है।

### नगर सैनिकों की भूमिका महत्वपूर्ण

महासमुंद जिले में नगर सैनिक पुलिस बल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। त्योहारों, चुनाव, वीआईपी दौरे, यातायात व्यवस्था, प्राकृतिक आपदा और भीड़ नियंत्रण जैसी जिम्मेदारियों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कई बार उन्हें जोखिम भरी परिस्थितियों में भी ड्यूटी करनी पड़ती है, लेकिन अब तक उन्हें नियमित पुलिस कर्मचारियों की तुलना में काफी कम मानदेय मिलता रहा है।

### मृत्यु या सेवानिवृत्ति पर मिलते है दो लाख रुपए

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार नगर सैनिकों को सेवा के दौरान मृत्यु या सेवानिवृत्ति की स्थिति में लगभग 2 लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जाती है। यह राशि उनके वेतन से की जाने वाली कटौती के आधार पर जमा होती है। नगर सैनिकों का कहना है कि यदि समान काम-समान वेतन की व्यवस्था लागू होती है, तो उनके भविष्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं।

### पेंशन और सुविधाओं की भी बढ़ी उम्मीद


नगर सैनिकों के मुताबिक वर्ष 2016 में तत्कालीन सरकार ने 45 हजार रुपये पेंशन देने की घोषणा की थी, लेकिन कई मामलों में इसका भुगतान नियमित रूप से नहीं हो पाया। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद उन्हें उम्मीद है कि वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधाओं और पेंशन व्यवस्था में भी सुधार होगा। जिले के नगर सैनिकों की मानें तो अदालत के इस आदेश से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

# अंबेडकर चौक पर उदितमुनि नाम साहेब का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶। महासमुंद

धर्मगुरु उदितमुनि नाम साहेब के नगर आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा उनका आत्मीय और भव्य स्वागत किया गया। शहर के प्रमुख अंबेडकर चौक पर आयोजित इस स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में अनुयायी और स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए। जनसमूह ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने उन्हें माला पहनाकर और शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया और चौक का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। साहेब ने उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और संक्षिप्त भेंट के बाद अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया।




## खबर संक्षेप

### बिहान योजना से बदली कैकई दीदी की तकदीर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से आज ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। विकासखंड पिथौरा के ग्राम पंचायत अठारहगुड़ी की कैकई दीदी इसकी एक उदाहरण हैं। हस्तकला महिला स्व सहायता समूह की सदस्य कैकई नाग बताती है कि समूह से जुड़ने के पहले उनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं था। वे परिवार के भरण-पोषण के लिए कृषि मजदूरी पर निर्भर थीं, जिससे नियमित आय का कोई सुनिश्चित जरिया नहीं था। इसी दौरान बिहान योजना के अंतर्गत सीआरपी चक्र के दौरान गांव में स्व-सहायता समूह गठन की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान ग्राम अठारहगुड़ी की आजीविका गतिविधियों में रुचि रखने वाली महिलाओं ने आपसी चर्चा कर 10 सदस्यों का एक समूह गठित करने का निर्णय लिया गया और 22 जुलाई 2018 को हस्तकला महिला स्व-सहायता समूह का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के आधार पर कैकई दीदी को समूह का अध्यक्ष तथा सोहद्रा ध्रुव को सचिव नियुक्त किया गया। कैकई दीदी बताती है कि समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बिहान योजना के विभिन्न कार्यक्रमों, बचत की आदत और आजीविका के नए अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई।

**आयोजन :** महाविद्यालय राजिम में अन्न फूड फेस्टिवल कार्यशाला

# अन्न आहार मात्र नहीं, भारतीयों की जीवन पद्धति : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में अन्न फूड फेस्टिवल कार्यशाला में डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय मुख्य वक्ता रही। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन एवं रुसा 2.0 द्वारा प्रायोजित किया गया था।

इस मौके पर डॉ अनुसुइया ने कहा कि अन्न चिर पुरातन और चिर नवीन है। यद्यपि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राज्य द्वारा वर्ष 2023 को मिलेट्स ईयर घोषित किया गया था, तथापि अन्न की अवधारणा और परिकल्पना सृष्टि के निर्माण काल से रहा है। लोक साहित्य के पन्नों को यदि पलटे तो यह ज्ञात होता है कि उस समय प्रचलित लोकोक्तियों और मुहावरों में भी कोदो, कुटकी, सावा का उल्लेख है। मिलेट्स जिसे अन्न कहा जाता है; वह स्वास्थ, पोषण और डाइजेशन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। प्रतिकूल जलवायु और पथरीली जगह पर भी यह उत्पन्न किया जा सकता है। डॉ. अग्रवाल ने जयशंकर प्रसाद के सुप्रसिद्ध महाकाव्य कामायनी का उदाहरण देकर मानव जीवन के महत्व व उसे अन्न का उपयोग करके संरक्षित करना चाहिए.उस पर विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अभया आर. जोगलेकर प्राचार्य शासकीय बीपी लोधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय आरंग, वक्ता के रूप में डॉ. धर्मेंद्र खोखर सीनियर साइंटिस्ट इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष छाया राही रहे।



प्रारंभ में कार्यशाला के संयोजक डॉ. भानु प्रताप नायक (सहा. प्राध्यापक, गृह विज्ञान) ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. अभया आर जोगलेकर ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की भूमिका और उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कछुआ और खरगोश की प्रसिद्ध कहानी का उदाहरण दिया। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते जंक फूड के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इसके अत्यधिक सेवन से शुगर, डायबिटीज और अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने मिलेट्स (श्रीअन्न) को भारतीय परंपरा और स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नायक को बधाई देते हुए कहा इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और सभी को अपने दैनिक आहार में मिलेट्स को शामिल करने का संदेश दिया। उद्बोधन की अगली कड़ी में डॉ. धर्मेंद्र खोखर ने अन्न के उत्पादन पर विस्तृत रूप से चर्चा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित छाया राही ने महाविद्यालय परिवार को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के तरुण बांधे सहा प्राध्यापक वाणिज्य एवं आलोक हिरवानी अतिथि व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन सहित डॉ. केआर मतावले, एमएल वर्मा, चित्रा खोटे, क्षमा शिल्पा चौहान, मनीषा भोई, मुकेश कुर्रे, डॉ. देवेंद्र देवांगन, तामेश्वर मार्कंडेय आदि सहायक प्राध्यापकगण, लोकेश जांगड़े ग्रंथपाल, राजकुमार साहू, पिंटू धृतलहरे (प्रयोगशाला तकनीशियन) ख़ोमन साहू, डॉ. ग्रीष्मा सिंह, तृप्ति साहू, नेहा सोनी, निधि बग्गा, हनी पाटकर, डॉ. सर्वेश कौशिक पटेल, वाणी चंद्राकर, हेमचंद साहू, मनीष साहू, डाहरू सोनकर, डॉ. अश्विनी साहू, तोपचंद बंजारे, प्रदीप टंडन अतिथि व्याख्याता, सोनम चंद्राकर, सुमन साहू, शुभम शर्मा, मनीष साहू, गरिमा साहू, टेमन साहू आदि मौजूद रहे।

### पौष्टिक मिलेट बार से कुपोषित बच्चे होंगे सुपोषित

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में कुपोषण के रोकथाम के लिए जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के लक्षित 14 हजार 172 कुपोषित बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार के रूप में मिलेट बार प्रदाय किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेन्द्र जटवार ने बताया कि कुपोषित बच्चों के सही विकास एवं कुपोषण के रोकथाम के लिए उच्च प्रोटीन युक्त आहार अतिआवश्यक है। इस उद्देश्य से लक्षित कुपोषित बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में सप्ताह में 6 दिवस सोमवार से शनिवार तक माह में कुल 26 दिवस प्रति हितग्राही प्रति दिवस 20 ग्राम मिलेट बार प्रदाय किया जा रहा है। मिलेट बार फाइबर, प्रोटीन, आयरन एवं एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर होते है, जो बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने में सहायक है। उन्होने बताया कि बच्चे की आयु 6 माह पूर्ण होने के पश्चात बच्चों को सही उपरी आहार प्राप्त नहीं होने पर उनके पोषण एवं विकास पर प्रभाव पड़ता है, जिससे वह कुपोषण का शिकार हो जाता है। कुपोषण के रोकथाम के लिए आवश्यक है कि बच्चे की प्रारंभिक अवस्था में उचित पोषण आहार सही मात्रा में प्राप्त हो, जिससे उसका संतुलित शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के माध्यम से 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पौष्टिक गर्म भोजन का वितरण किया जा रहा है।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विकासखंडवार पंचायतों के प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति 23 मार्च तक कर ली जाएगी। कार्यक्रम के अनुसार 07 अप्रैल 2026 तक निर्वाचक नामावली की चेकलिस्ट तैयार कर ली जाएगी तथा 08 अप्रैल 2026 तक उसकी जांच कर त्रुटियों का सुधार कराया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मुद्रण कराकर इसे रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 9 अप्रैल तक उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 13 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा तथा उसी दिन से दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण 23 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा तथा प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। प्राप्त दावों का निराकरण 27 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। निराकरण आदेश के विरुद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर की जा सकेगी। इसके बाद परिवर्धन, संशोधन तथा विलोपन से संबंधित प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में 29 अप्रैल 2026 तक की जाएगी। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा परीक्षण कर पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को 2 मई 2026 तक सौंपा जाएगा। इसके पश्चात अनुपूरक सूची का मुद्रण कर उसे मूल सूची के साथ 4 मई 2026 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 मई 2026 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुष्ठ विकृति सुधार शल्य क्रिया शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग से उत्पन्न शारीरिक विकृतियों के उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल महासमुंद में कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चिन्हित मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। भारत सरकार के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. केएम कांबले (आरएलटीआईआरआई रायपुर) ने बताया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित मरीजों में हाथ-पैर की विकृति, पंजों का मुड़ना (क्लॉ हैंड), आंखों का पूरी तरह बंद न होना (लैगोफ्थाल्मोस) तथा फुट ड्रॉप जैसी समस्याओं के उपचार के लिए यह विशेष शल्यक्रिया शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में चिन्हित मरीजों में से 10 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन विशेषज्ञ सर्जनों की टीम द्वारा किया गया। डॉ. कांबले ने जानकारी दी कि ऑपरेशन के पश्चात मरीजों को पुनर्वास सहायता के रूप में कुल 12,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर के माध्यम से तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी। इसमें प्रथम किस्त 8,000 रुपये, द्वितीय किस्त 2,000 रुपये तथा तृतीय किस्त 2,000 रुपये की राशि शामिल है। यह राशि ऑपरेशन के बाद मरीजों की देखभाल और पुनर्वास में सहयोग प्रदान करने के लिए दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोगियों की सक्रिय रूप से पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।



## घरेलू, बीपीएल तथा कृषि श्रेणी के अशासकीय बिजली उपभोक्ताओं के लिए समाधान योजना 2026 लागू

**महासमुंद।** प्रदेश सहित जिले के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक नई आकर्षक योजना समाधान योजना का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप प्रदेश की निम्न एवं मध्यम आय वर्ग तथा कृषि उपभोक्ताओं को विशेष राहत देते हुए पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 लेकर आई है। योजना के तहत कंपनी के निम्नदाब घरेलू, बीपीएल तथा कृषि श्रेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल की मूल राशि एवं अधिभार में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। योजना के तहत 31 मार्च 2023 से पहले के निष्क्रिय बीपीएल, घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बकाया राशि में बड़ी राहत दी जाएगी। बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल राशि में 75 प्रतिशत तथा अधिभार में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। वहीं घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को मूल राशि में 50 प्रतिशत और अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। कृषि श्रेणी के स्थायी एवं अस्थायी कनेक्शनों के लिए भी मूल राशि में 50 प्रतिशत तथा अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान रखा गया है। सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए भी योजना में विशेष प्रावधान किए गए हैं। 31 मार्च 2023 की स्थिति में यदि बकाया राशि 5 वर्ष से अधिक पुरानी है तो मूल राशि में 75 प्रतिशत तथा अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं 1 से 5 वर्ष के बकाया पर मूल राशि में 50 प्रतिशत तथा अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं केवल कृषि उपभोक्ताओं को भी योजना के अंतर्गत राहत दी जाएगी। यदि उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान करते हैं तो मूल राशि में 10 प्रतिशत तथा अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। तीन किश्तों में भुगतान करने पर मूल राशि में 5 प्रतिशत और अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जबकि छह किश्तों में भुगतान करने पर अधिभार में 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। कंपनी के अनुसार इस योजना की अवधि 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगी। योजना के तहत शेष बकाया राशि की किश्तों का भुगतान करने पर आगामी महीनों में कोई अतिरिक्त अधिभार नहीं लिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय केवल कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के लिए बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान करना आवश्यक होगा। उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के लिए मीटर वाचकों को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। एकमुश्त पूर्ण भुगतान प्राप्त होने पर प्राप्त धनराशि का 5 प्रतिशत होगा।

## गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रथम दिवस गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा चेतना केंद्र से प्रारंभ होकर संपूर्ण पुरातत्व नगरी सिरपुर का भ्रमण करते हुए महामाया तालाब पहुंची।

महामाया तालाब में विधि-विधान से कलश पूजन एवं वरुण देवता का आवाहन कर जल भरा गया। इसके पश्चात नारी शक्ति ने सिर पर जल कलश धारण कर वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ पुनः यज्ञशाला तक यात्रा पूर्ण की। यज्ञशाला में पूजन कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधि परमेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलश विश्व ब्रह्मांड का प्रतीक है, जिसमें सभी देवी-देवताओं का वास माना गया है। इतनी शक्तिशाली ऊर्जा को धारण करने के लिए विशेष शक्ति की आवश्यकता होती है, जो केवल नारी शक्ति में निहित है।



इसलिए कलश धारण करने का कार्य नारी शक्ति ही करती है। भगवान ने नारी को विशेष शक्ति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन के समय प्राप्त अमृत कलश को धारण करने के लिए भगवान विष्णु को भी नारी रूप धारण कर अवतार लेना पड़ा था। उन्होंने उपस्थित सभी नारी शक्तियों का अभिनंदन करते हुए पुष्प वर्षा कर आरती उतारकर सम्मान किया। भोजन उपरांत पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान साहू ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित प्रज्ञा पुराण की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरुदेव 24 दिनों की सूक्ष्मीकरण साधना के पश्चात जब बाहर आए, तब वे एक हस्तलिखित पुस्तिका लेकर आए, जिसमें सभी ग्रंथों का सार समाहित था। यह ग्रंथ भारत के ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म को सरल एवं सहज भाषा में जन-सामान्य तक पहुंचाने का माध्यम है। आज यह विचार क्रांति का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने बताया कि सभी धर्म ग्रंथों का मुख्य संदेश दो ही हैं कि पहला, मन-वचन-कर्म से किसी को दुःख न देना और दूसरा, स्वयं को जानकर जीवन लक्ष्य को प्राप्त करना। इसलिए हमें परोपकार, सेवा और दूसरों को सुखी बनाने जैसे कार्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन 14 मार्च को प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त में गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रातः 10 बजे से नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार सम्पन्न कराए जाएंगे। संध्या काल में युगऋषि का संदेश, पावन प्रज्ञा पुराण कथा तथा भव्य दीप यज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। गायत्री परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ में भाग लेने का निवेदन किया गया है।

## गोलछा मिडिल स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आशी बाई गोलछा शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा आठवी के छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पाठक गेंदराम साहू ने मां शारदे के तैलीयचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ हुआ। यह कार्यक्रम मुख्य रुप से शाला के शिक्षक एवं कक्षा छटवी व सातवी द्वारा आठवीं के छात्र छात्राओं के लिए किया गया। कक्षा आठवी की छात्रा श्रद्धा जगत ने कार्यक्रम की संचालन करते सर्वप्रथम बच्चों द्वारा सभी शिक्षकों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

प्रधान पाठक गेंद राम साहू ने अपने उद्बबोधन में बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में एक अच्छे इंसान बनकर शाला, परिवार, समाज, राष्ट्र का नाम रोशन करो। वरिष्ठ शिक्षिका चंचला गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां तीन वर्षो तक अध्ययन उपरांत जो भी अच्छी ज्ञानवर्द्धक बातें सीखी होंगी, उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना। कक्षा शिक्षिका लता वैष्णव ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि सदैव अपने आपको बुराई से बचाकर परहित को ध्यान में रखकर निरंतर आगे बढ़ो। कक्षा के छात्र-छात्रा में रीतेश यादव, खुशी यादव, लक्ष्मी यादव, श्रद्धा जगत द्वारा शाला में बिताए अपने तीन वर्षों के अनुभव को साझा किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सभी को स्वलपाहार कराया गया और शिक्षकों को भेंट स्वरूप गुलाब का पौधा देकर आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम में शिक्षिका आबिदा खान, तृप्ति साहू, मंजू साहू, वी राव सभी ने बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभेच्छा जताई है। छात्रा पल्लवी ध्रुव ने आभार प्रदर्शन किया।



## संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत लाखागढ़ में लगा शिविर

- ग्रामीणों को योजनाओं की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

जिले के आकांक्षी विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम लाखागढ़ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और उनका लाभ लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।





## खबर संक्षेप



### पांचवी कक्षा के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथ. शाला में पांचवी के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सबसे पहले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और चॉकलेट से मुंह मीठा कराया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्लास चौथी के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ कक्षा पांचवी के बच्चों का विभिन्न प्रकार से खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शाला परिवार की ओर से आंशिक नेवता भोज का आयोजन किया गया। पांचवीं के बच्चों द्वारा शाला परिवार को दीवार घड़ी प्रदान किया गया।

### खाद्य विभाग में विधायक प्रतिनिधि बने महोबिया

**महासमुंद।** खाद्य विभाग में धर्मेंद्र



महोबिया विधायक प्रतिनिधि होंगे। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उन्हें इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया है। महोबिया वर्तमान में जिला सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आर्थिक प्रकोष्ठ, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद का दायित्व निभा रहे हैं। पूर्व में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और विद्या भारती में महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वज निर्वहन कर चुके हैं। हिंदूवादी भाजपा नेता धर्मेंद्र महोबिया ने नियुक्ति के लिए विधायक का आभार माना है।

### बेमचा में चैत्र नवरात्र पर होगा अनुष्ठान

**महासमुंद।** गायत्री प्रज्ञा पीठ बेमचा में 19 मार्च गुरुवार से चैत्र नवरात्रि अनुष्ठान हो रहा है। जिसमे सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री महामंत्र का जाप, मंत्र लेखन, गायत्री चालीसा पाठ किया जाएगा। परम वंदनीया माता के जन्म शताब्दी वर्ष एवं धृत अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष की इस अभूतपूर्व साधना अनुष्ठान में भाग लेने के लिए सभी आमंत्रित है। 19 मार्च 2026, गुरुवारको प्रातः 5 बजे अखंड ज्योति प्रज्जवलन एवं कलश स्थापना, प्रातः 6 बजे से शाम प्रातः 6 बजे तक अखंड जप साधना, सुबह शाम मंगल आरती होगी। 26 मार्च 2026, गुरुवार अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी।

### जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव आज बसना में

**महासमुंद।** नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-ऑयल सीड योजना के अंतर्गत बसना विकासखण्ड के ग्राम मिलाराबाद मैदान में शनिवार 14 मार्च को जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव, कृषि मेला सह कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सांसद लोकसभा महासमुंद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



# अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान ने फिर पकड़ी रफ्तार; श्मशान घाट क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा सितली नाला के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए संचालित अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। जलभराव और होली त्यौहार के कारण आए अस्थायी ठहराव के बाद 12 मार्च से श्मशान घाट क्षेत्र में चल रहे कार्यों को दोबारा गति दी गई है। विगत कुछ समय से कार्य क्षेत्र में जलभराव और त्योहारों की व्यस्तता के चलते चैन माउंटेन मशीन के संचालन में कठिनाई आ रही थी, जिसके कारण कार्यों की गति धीमी पड़ गई थी। समिति ने निर्णय लिया था कि पानी सूखने और त्योहार संपन्न होने के तुरंत बाद कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। स्वाध्याय केंद्र समिति के सचिव मोहन साहू ने बताया कि पानी सूखने का इंतजार अब समाप्त हो चुका है। आज से चेन माउंटेन मशीन को पुनः कार्य पर लगाया गया है।

और कहा कि हमारा लक्ष्य रुके हुए कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करना है। ताकि, नाले के स्वरूप में सुधार और क्षेत्र का सौंदर्यीकरण जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। सितली नाला में हो रहे इस निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य से स्थानीय नागरिकों को भविष्य में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। समिति ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के बाद बिना किसी विलंब के जनहित के इस पुनीत अभियान को पूर्ण पारदर्शिता और गति के साथ संपन्न करना उनकी प्राथमिकता है। अभियान के पुनः प्रारंभ होने से नगरवासियों में उत्साह है और इसे सितली नाला के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**चर्चा : क्षेत्र के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से हुई चर्चा**

# पिथौरा रेस्ट हाउस में किसान कांग्रेस की हुई बैठक, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की पहली बैठक, बिजली कटौती समेत कई मुद्दे उठे



जिले के पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में किसान कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनियुक्त किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, सिंचाई की परेशानी और कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर संगठन सक्रिय रूप से काम करेगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया और किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनके समाधान के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने की बात कही।

बैठक संभाग प्रभारी दीपक पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष जागेंद्र पांडेय, फनीश दुबे विशेष अतिथि एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू की अध्यक्षता में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने और किसानों के हित में निरंतर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, किसानों की समस्याओं के समाधान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष केशव साव, वीरेंद्र प्रधान, दिनेश कालसा, फारम पटेल, भगत पटेल, शंकर पटेल, दिलीप साहू आदि मौजूद रहे।

# खुशी हो या गम प्रकृति संवारे हम

**स्व. रमेश चंद्र मिश्रा की स्मृति में ग्रीन केयर ने किया पौधा भेंट**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

प्रकृति संरक्षण की दिशा में खुशी हो या ग़म प्रकृति संवारे हम। जन्म, विवाह स्मृति पर्व, उत्सव हर अवसर पर पौधा भेंटकर प्रकृति संरक्षण का संदेश देने की कड़ी में ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा डोंगरीपाली (पाइकमाल ओडिशा ) निवासी सेवानिवृत प्रधान पाठक स्व. पंडित रमेश चंद्र मिश्रा के तेरहवीं कार्यक्रम में पौधा भेंट किया गया। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के मार्गदर्शन में संस्था के वरिष्ठ तेंदुकोना निवासी पंडित भागीरथी दुबे के नेतृत्व में ग्रीन केयर की टीम में पंडित लक्ष्मी नारायण तिवारी, पंडित कृष्ण कुमार शर्मा, पंडित गेंदप्रसाद पाण्डेय डोंगरिपाली पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए परिवारजनों को पौधा भेंट किया। इस अवसर पर पंडित भागीरथी दुबे ने कहा कि दिवंगत पंडित रमेशचंद्र मिश्रा अपने सेवा काल में छात्रों को पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान देते थे। छात्रों को प्रेरित कर पौधरोपण करते थे। आज हमें उनकी तेरहवीं में पौधा भेंट करने अवसर मिला है। परिजनों से कहा दिवंगत पंडित रमेशचंद्र मिश्रा की स्मृति में इसे रोपित करें। इस अवसर पर परिवारजन पंडित संजीव कुमार मिश्रा, पंडित संजय कुमार मिश्रा, शकुंतला मिश्रा, बिंदु मिश्रा, हीना मिश्रा, राहुल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा मजदूरों का भुगतान नहीं

**महासमुंद।** कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर



ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अभी जिले के अनेकों गांवो में मनरेगा का 2 माह से अधिक समय से कार्य चल रहा है। पिछले दो महीनों से मजदूरों की मजदूरी लंबित है, होली त्योहार में मजदूरों का जेब रहा खाली। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि जिससे गरीब और श्रमिक परिवारों के सामने बड़ी आर्थिक चुनौती खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं की ओर भाजपा की डबल इंजन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि यही मजदूर अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। समय पर मजदूरी नहीं मिलने से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है।

# भाजयुमो महासमुंद जिला कार्यकारिणी का गठन

## जिलाध्यक्ष के साथ एक जिला महामंत्री की पूर्व में हुई थी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एक जिला महामंत्री एवं पांच जिला उपाध्यक्ष समेत सात जिलामंत्री का जिला

भारतीय जनता पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय, संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी के निर्देशानुसार भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुमति से भाजपा जिला प्रभारी जयंती पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू की अनुशंसा से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा द्वारा जिला पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के विभिन्न प्रकल्पों के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष आकाश पांडेय, सोहन पटेल, विजय नायक, दुर्गाशंकर दुबे, नंदकिशन साव, महामंत्री कामेश बंजारा, मंत्री दिनेश अग्रवाल, जतिन रूपरेला, पूनम निषाद, कमलेश डडसेना, पंकज जैन, गीतिका सोनी, हरिकेश भाई, कोषध्यक्ष निश्चय चंद्राकर, सहकोषाध्यक्ष डिगेश साहू, राजा अग्रवाल, कार्यालय प्रमुख अमित साहू, कार्यालय सह प्रमुख खुशाल ठाकुर, रोशन बग्गा, मीडिया प्रभारी विकास बोधल, शाह मीडिया प्रभारी हीरा साहू, राहुल साहू, आईटी सेल प्रभारी कमल निषाद, आईटी सेल सह प्रभारी तुषार बंसल, विजय साहू, सोशल मीडिया व्हाट्सएप प्रमुख मनीष कुमार जांगड़े, इंस्टाग्राम प्रमुख युवराज सिंह राजपूत, ट्विटर प्रमुख प्रतिम गजेंद्र, खेल एवं युवा प्रमुख सौरभ अग्रवाल, उदयभानु सिंह, विकास अग्रवाल, विधि एवं तकनीक प्रमुख शैलेश अग्रवाल, धीरज सिंह, अखिलेश साहू, शिव साहू, पुरुषोत्तम नायक, कन्या शक्ति संयोजक निधि चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, ज्योति चंद्राकर, परीक्षण प्रमुख द्रोण पटेल, राजा देवांगन, दीपक राव, प्रचार प्रसार प्रमुख भुवनेश्वर लोधी, प्रचार प्रसार सह प्रमुख, राजू कीर्ति चौहान, पलाश यादव, नीति एवं अनुसंधान प्रमुख महेंद्र गुप्ता, शेखर चंद्राकर सोनू पाढ़ी, शासकीय सेवा स्वाध्याय मंडल प्रमुख नितिन जिंदल राजेश्वर वंसे अंशुल तिवारी को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।



### अरंड में त्रिदिवसीय अखंड रामायण का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में रविवार 15 मार्च से किया जा रहा है। इस संबंध में तैयारी के लिए विगत दिनों ग्राम में बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षक कौतुक पटेल ने बताया कि मानस गान का यह 59 वां वर्ष है। विशेष बात है कि विगत 59 सालों से प्रतिवर्ष आयोजन एक ही तिथि चैत्र माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी को प्रारंभ होता है, जो कि तीन दिनों तक निरंतर चलता है। पटेल ने बताया कि अखंड रामायण 15 मार्च रविवार कृष्ण पक्ष एकादशी को प्रथम दिवस कलश यात्रा गौरी पूजा के साथ प्रारंभ होगा और 18 मार्च बुधवार को समापन होगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिवचरण ध्रुव, नेहा गंगाधर निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में गहराता पेयजल संकट, टंकियां बनी शोपीस : मोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस संबंध में कांग्रेसी मोती जांगड़े ने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में तालाब, नदी और नाले सूखने लगे हैं, जिससे निस्तारी और पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। गांवों में लोगों की प्यास बुझाने वाले हैंडपंप भी अब जवाब देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जलस्तर 300 से 400 फीट तक नीचे चला गया है। इतनी गहराई से पानी निकालना हैंडपंपों के लिए संभव नहीं रह गया है। पानी की तलाश में लोग लगातार नए नलकूप खुदवा रहे हैं, जिससे धरती का सीना छलनी हो चुका है। जांगड़े ने कहा कि गर्मी का अधिकांश समय अभी बाकी है। यदि समय रहते जल संकट पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि जिस तेजी से भूमिगत जल का दोहन हो रहा है, उसके मुकाबले जल संचय नहीं हो पा रहा है। भूजल का पुनर्भरण कई वर्षों में होता है, जबकि उसका उपयोग कुछ ही घंटों में कर लिया जाता है। ऐसे में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए निजी मकानों के साथ-साथ शासकीय भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि बंद पड़े नलकूपों का उपयोग वाटर हार्वेस्टिंग के लिए किया जा सकता है।

### प्रार्थना शेड निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख की स्वीकृति

**महासमुंद।** अल्का चंद्राकर (स्वतन्त्र निदेशक इस्पात मंत्रालय) व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी 2023 की अनुशंसा पर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न शासकीय स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि प्रदान किया गया है। जिसकी स्वीकृति आदेश संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी कर दिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में अल्का चंद्राकर ने बताया कि खल्लारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम मोंगरापाली (रे) शा.हा.से.स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम बकमा शा. हाई स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम कसेकेरा शा. हाई स्कूल 10 लाख रुपए, ग्राम भलेसर शा. हाई स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम घुंचापाली शा. हाई स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम एमकेबाहरा शा. हाई स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम खैरट खुरद उमा स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम सुखरीडबरी उ.मा. स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम तुसदा स्कूल शा. हा. से. स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम पचेड़ा शा. हा. से. स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम डोंगरीपाली शा. हा. से. स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम गोडबहाल शा.हा.से.स्कूल में 10 लाख रुपए, ग्राम गडबेडा शा.हा.से. स्कूल में 10 लाख रुपए की लागत से प्रार्थना शेड का निर्माण की जायेगी, जिसका लाभ वहां पढ़ने वाले छात्रों को पहुंचेगी।

### जिले में 15762 स्कूली बच्चों का आधार अपडेट



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में आधार कार्ड डाटा अपडेशन के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों में शिविर आयोजित कर स्कूली बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आधार ऑपरेटर के द्वारा कुल 943 शिविर के माध्यम के कुल 15762 बच्चों का आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। साथ ही स्कूलों में आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए निरंतर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगे भी छूटे हुए बच्चों का आधार अपडेशन का कार्य शिविर लगाकर किया जाएगा।

# प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक की पदोन्नति की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से मुलाकात कर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक की पदोन्नति सहित पांच बिन्दुओं का मांग पत्र सौंपकर रायपुर संभाग के सभी जिला में पदोन्नति सूची जारी हो गई है।

जिले का भी पदोन्नति आदेश शीघ्र जारी करने एवं नहीं हुआ तो सभी ब्लॉक अध्यक्ष से प्राप्त प्रस्ताव अनुरूप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, जिला सचिव विनय कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, सचिव लव निर्मलकर, कोषाध्यक्ष आत्माराम साहू, भूपेंद्र दीवान, विष्णु जागृति सहित फेडरेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि महासमुंद जिला में प्राथमिक शाला के लगभग 70 से अधिक पद रिक्त है। प्रदेश के बहुत से जिला एवं रायपुर संभाग के महासमुंद को छोड़कर सभी जिला में पदोन्नति हो गई है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति करने की मांग की गई है। इस मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को जानकारी देते हुए बताया कि पदोन्नति की प्रकिया जारी है। जल्द डीपीसी कराकर एक सप्ताह के भीतर काउंसलिंग की प्रकिया के साथ प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति आदेश जारी कर दिया जायेगा। इसके अलावा सत्र 2024-25 का परीक्षा अनुमति आदेश के संबंध में भी जल्द अनुमति आदेश जारी करने, कुछ सहायक शिक्षको का सविलियन आदेश अब तक जारी नहीं हुआ है के सन्दर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकिया को उच्च स्तर पर मार्गदर्शन लेकर तत्काल आदेश जारी करवाने का प्रक्रिया जारी है। चंद्राकर ने मांग पर चर्चा करते हुए कहा कि कलेक्टर के आदेश पर विगत अगस्त माह में बनी जांच समिति द्वारा 15 दिवस के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट और कार्रवाई का आदेश में उल्लेख है उस पर क्या कार्रवाई हुई इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जांच समिति के पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया जाएगा। आगे भीषण गर्मी के चलते शाला समय प्रातः काल में किए जाने की मांग की भी चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने सभी बिंदुओं पर जिला शिक्षा अधिकारी से विस्तृत चर्चा की तथा सभी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिलाया गया है। 25 मार्च तक अगर सहायक शिक्षकों की प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति आदेश जारी नहीं होने एवं सभी बिंदुओं पर कार्रवाई नहीं होता है तो 26 मार्च 2026 को फेडरेशन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। चर्चा में प्रमुख रूप से जिला सचिव विनय कुमार यादव, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, ब्लाक कोषाध्यक्ष आत्माराम साहू आदि मौजूद रहे।

